भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण
निगमित मुख्यालय, राजभाषा अनुभाग

सं0 ई-12012/4/2013-रा0भा0 | दिनांक: 24 अगस्त, 2017

विषय: हिन्दी पखवाड़े का आयोजन - वर्ष 2017

निगमित मुख्यालय के सभी विभागों के कार्य में विभागीय कामकाज में राजभाषा के प्रति जागरूकता लाने तथा उत्तरोतर राजभाषा के प्रयोग को बढ़ाने के उद्देश्य से निगमित मुख्यालय में प्रतिवर्ष हिन्दी पखवाड़े का आयोजन किया जाता है। इस संदर्भ में इस वर्ष भी 14 सितम्बर, 2017 से 29 सितम्बर, 2017 तक हिन्दी पखवाड़े का आयोजन किया जाना सुनिश्चित किया गया है। पखवाड़े के दौरान निम्नलिखित विवरण के अनुसार प्रतियोगिताएं/गतिविधि आयोजित की जाएगी:-

क्रम सं0	दिनांक	दिन	समय	कार्यक्रम/प्रतियोगिता का नाम	स्थान
01.	14.09.2017	ब्रृहस्पति-वार	1500-1600	हिन्दी पखवाड़े का उद्घाटन	सेमिनार हॉल
02.	15.09.2017	शुक्रवार	1500-1600	हिन्दी निबंध प्रतियोगिता विषय:- राजभाषा के रूप में हिन्दी का विकास,चुनौतियां एवं समाधान।	सेमिनार हॉल
03.	18.09.2017	सोमवार	1500-1600	हिन्दी टिप्ण एवं प्रारुप लेखन प्रतियोगिता	सेमिनार हॉल
04.	19.09.2017	मंगलवार	1500-1600	अंग्रेजी - हिन्दी अनुवाद प्रतियोगिता (कार्यालय में प्रयोग किए जा रहे अंग्रेजी पदनामों, टिप्पणियों, व्याक्यांशों का हिन्दी अनुवाद उत्तर-पत्र पर लिखना होगा)	सेमिनार हॉल
05.	20.09.2017	बुधवार	1500-1600	समूह 'घ' के कर्मचारियों के लिए हिन्दी श्रुतलेख प्रतियोगिता	सेमिनार हॉल
06.	22.09.2017	शुक्रवार	1500-1600	शुद्ध शब्द पहचान प्रतियोगिता (कार्यालय के प्रयोग में आने वाले तथा उत्तर-पत्र में लिखे गए हिन्दी शब्दों में से सही विकल्प का चुनाव करना होगा ।) (राजभाषा विभाग द्वारा निर्धारित 'ग' क्षेत्र की मातृभाषाओं वाले कार्यपालकों/ गैर-कार्यपालकों के लिए)	सेमिनार हॉल
07.	25.09.2017	सोमवार	1500-1600	राजभाषा प्रश्न-मंच (इसमें राजभाषा, भा0वि0प्रा0 एवं सामान्य ज्ञान संबंधी प्रश्न हिन्दी में पूछे जाएंगे) सही उत्तर देने वाले प्रतिभागियों को तुरन्त पुरस्कार दिया जाएगा। अधिकतम 40 पुरस्कार दिए जाएंगे।	सेमिनार हॉल

08.	26.09.2017	मंगलवार	1500-1600	हिन्दी कविता पाठ – स्वरचित कविता पर 10 अंक अलग से दिए जाएंगे । कविता सामाजिक विषय पर होनी चाहिए।	सेमिनार हॉल
09.	27.09.2017	बुधवार	1500-1600	**हिन्दी भाषण** **विषय:- स्वच्छ भारत अभियान में नागरिकों की भूमिका**	सेमिनार हॉल
10.	29.09.2017	शुक्रवार	1500-1600	हिन्दी पखवाड़े का समापन, पुरस्कार वितरण एवं राष्ट्रीय हिन्दी कवि सम्मेलन का आयोजन।	सी-ब्लाक के नीचे वाले L-1 बेसमेंट में

हिन्दी पखवाड़े के दौरान आयोजित प्रतियोगिताओं के विजेताओं को निम्नलिखित विवरण के अनुसार पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे ।

क्रम सं0	प्रतिभागियों की संख्या	अधिकतम पुरस्कारों की संख्या
1.	10 या इससे अधिक प्रतिभागी होने पर	04 - (पहला, दूसरा, तीसरा एवं सांत्वना) (5100/-,4100/-,3100/-एवं 2100/-)
2.	06 से 09 प्रतिभागी होने पर	03 - (पहला, दूसरा एवं तीसरा) (5100/-, 4100/- एवं 3100/-)
3.	3 से 5 प्रतिभागी होने पर	02- (पहला एवं दूसरा) (5100/- एवं 4100/-)

शर्तें:- (1) 03 से कम प्रतिभागी होने पर प्रतियोगिता आयोजित नहीं की जाएगी।

(2) राजभाषा अनुभाग में तैनात कार्यपालक/गैर-कार्यपालक हिन्दी पखवाड़े के दौरान आयोजित प्रतियोगिताओं में भाग नहीं ले सकते।

(3) लिखित एवं मौखिक सभी प्रतियोगिताओं का मूल्यांकन बाहर के विशेषज्ञों/निर्णायकों से करवाया जाएगा। निर्णायकों का फैसला अन्तिम और मान्य होगा। निगमित मुख्यालय, हैंगर बिल्डिंग एवं नए कार्यालय परिसर के सभी विभागाध्यक्षों/ कार्यपालकों एवं गैर-कार्यपालकों से अनुरोध है कि कृपया उक्त प्रतियोगिताओं में अधिक से अधिक संख्या में भाग लेकर राजभाषा हिन्दी के प्रचार-प्रसार में अपना सक्रिय योगदान देने की कृपा करें साथ ही यह भी अनुरोध है कि पखवाड़े के दौरान अपना विभागीय कार्य हिन्दी में ही करें ।

कृपया उक्त प्रतियोगिताओं में भाग लेने वाले कार्यपालकों/गैर-कार्यपालकों के नामों की सूची इस अनुभाग को यथाशीघ्र भेजने की कृपा करें जो 09 सितम्बर, 2017 तक या इसके पहले प्राप्त हो जाए। प्रतियोगिताओं के आयोजन संबंधी स्थान के बारे में अद्यतन सूचना हेतु राजभाषा अनुभाग के टेलीफोन नं0 24627230, विस्तार संख्या 2408, 2455 एवं 2462 पर सम्पर्क किया जा सकता है।

(सूर्यभान गौतम) 24/8/2017
संयुक्त महाप्रबंधक (राजभाषा)

सुनीता.पखवाड़ा-2016